गोपनीय

[redacted]

(4)

2-2-
18.2.16

बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग

मंत्रिपरिषद के अनुमोदनार्थ संलेख

विषयः– सात निश्चय के तहत राज्य के अनाच्छादित 22 जिलों में वर्ष 2016–17 से चरणबद्ध तरीके से नये महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना एवं पद सृजन के संबंध में।

माननीय मुख्यमंत्री के सात निश्चय के अन्तर्गत राज्य के अनाच्छादित 22 जिलों के शिक्षित युवतियों को कुशल तकनीशियन एवं कामगार के रूप में तैयार करने हेतु आधुनिक व्यवसायों में तकनीकी प्रशिक्षण दिलाने के उद्देश्य से नया महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना योजना के अन्तर्गत राज्य के अनाच्छादित जिलों में नया महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना कर 04 आधुनिक व्यवसायों में प्रशिक्षित करते हुए रोजगार/स्व–रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

वित्तीय वर्ष 2016–17 से चरणबद्ध तरीके से (भूमि की उपलब्धता के आधार पर) अनाच्छादित 22 जिलों में नया महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना कर तत्काल किराये/सरकारी भवन में उपलब्धता के आधार पर चलाये जाने का विचार है।

2– राज्य के शिक्षित युवतियों को रोजगारोन्मुखी आधुनिक व्यवसायों में प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से चरणबद्ध तरीके से अनाच्छादित जिलों में महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना कर भवन निर्माण प्रारम्भ किये जाने का प्रस्ताव है, जो निम्न प्रकार है–

2016–17	07 महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
2017–18	07 महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
2018–19	08 महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
कुल	22 महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

2.1 वर्त्तमान में किराये के मकान में 04 आधुनिक व्यवसायों की स्थापना कर वर्ष 2016–17 से चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किया जाएगा। इसके लिये आवश्यक संसाधन आदि की व्यवस्था वित्तीय वर्ष 2016–17 से की जाएगी। संस्थानों के लिये अपना प्रशासनिक भवन तथा कर्मशाला भवन हेतु भूमि उपलब्ध होते ही भवन निर्माण की कारवाई प्रारंभ की जाएगी। वर्तमान मे 04 आधुनिक एवं लोकप्रिय व्यवसाय की स्थापना कर संस्थान चलाने का विचार है।

कमांक–	व्यवसाय का नाम–	यूनिट	कुल प्रशिक्षणार्थियों की सं0	प्रशिक्षण अवधि
1–	इन्फॉरमेशन एण्ड कॉमन्यूकेशन टेक्नॉलाजी सिस्टम मेंटेनेन्स	2(1+1)	42	दो वर्ष
2–	इलेक्ट्रीशियन–	2(1+1)	42	दो वर्ष
3–	मैकेनिक कन्ज्यूमर इलेक्ट्रोनिक्स अपलाइएन्सेज	2(1+1)	42	दो वर्ष
4–	इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक	2(1+1)	42	दो वर्ष
	कुल–	08	168 (एक सौ अड़सठ)	

बाजार मॉग के आधार पर आवश्यकतानुसार व्यवसायों में परिवर्त्तन/नये व्यवसायों का चयन किया जा सकता है।

2.2 इसमें निम्न प्रकार पदों का सृजन किया जाना है :–

पद	वेतनमान	ग्रेड पे	सृजित एवं स्वीकृत किये जाने वाले पद	की संख्या (प्रति संस्थान x 54)
प्राचार्य	9300–34800	4800	01 x 22 = 22	
उप प्राचार्य	9300–34800	4600	01 x 22 = 22	
सहायक अधीक्षक	9300–34800	4200	01 x 22 = 22	
मुख्य अनुदेशक	9300–34800	4200	01 x 22 = 22	
व्यवसाय अनुदेशक	9300–34800	4200	08 x 22 = 176	
गणित अनुदेशक	9300–34800	4200	01 x 22 = 22	
ड्राइंग अनुदेशक	9300–34800	4200	01 x 22 = 22	
अंग्रेजी अनुदेशक	9300–34800	4200	01 x 22 = 22	
प्रधान लिपिक	9300–34800	4200	01 x 22 = 22	
उ0व0लिपिक	5200–20200	2400	02 x 22 = 44	

Scanned by CamScanner

भंडारपाल			
डाटा इंट्री ऑपरेटर	5200–20200	1900	01 x 22 = 22
नि0व0लिपिक	5200–20200	2400	01 x 22 = 22
मिश्रक	5200–20200	1900	02 x 22 = 44
कार्यालय परिचारी .	5200–20200	1900	01 x 22 = 22
स्वीपर	4440–7440	1800	06 x 22 = 132
	4440–7440	1300	01 x 22 = 22
		कुल–	30 x 22 = 660
			(छः सौ साठ पद)

2.3 अंग्रेजी अनुदेशक/डाटा इंट्री ऑपरेटर/कार्यालय परिचारी तथा स्वीपर की नियुक्ति संविदा/आाउटसोर्सिंग के आधार पर किया जाएगा।

प्रति संस्थान स्थापनादि व्यय संबंधी प्रस्ताव :–

स्थापना व्यय	8000000.00
कार्यालय व्यय एवं अन्य	1000000.00
मशीनें एवं उपस्कर	4000000.00
योग:–	13000000.00 रुपये

(रूपये एक करोड़ तीस लाख) मात्र ।

इस प्रकार 22 महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना पर प्रतिवर्ष पर आकलित अनुमानित व्यय एवं अगले पाँच वर्षो का कुल अनुमानित व्यय निम्नवत् है (प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि सहित)–

वर्ष	महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की संख्या	अनुमानित व्यय (लाख रूपये में)
2016–17	07	7 X 130 = 910
2017–18	07+07	14 X 143 = 2002
2018–19	14 + 08	22 X 158 = 3476
2019–20	22	22 X 174 = 3828
2020–21	22	22 X 192 = 4224
कुल	22	14440

2.4 भवन निर्माण विभाग द्वारा नक्शा का निर्माण, प्राक्कलन एवं तकनिकी अनुमोदन प्राप्त होने पर संस्थान के लिए नये भवन का निर्माण किया जाएगा। नये स्थापित होनेवाले महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की प्राक्कलित राशि का निर्धारण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लिये वर्त्तमान में तैयार मॉडल नक्शा के प्राक्कलन के आधार पर किया गया है, अनुमानित व्यय का विवरण निम्नप्रकार है–

वर्ष	महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की संख्या	अनुमानित व्यय (लाख रूपये में)
2016–17	07	7 X 1046 = 7322
2017–18	07	7 X 1151 = 8057
2018–19	08	8 X 1266 = 10128
कुल	22	25507

2.5 नव निर्मित भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण होने में एक वर्ष से अधिक लगने की संभावना के परिपेक्ष्य में वर्षवार अनुमानित व्यय निम्नप्रकार है–

2016–17	07(अंश)	7 X 523 = 3661
2017–18	07(पूर्ण) + 07(अंश)	(7 X 523) + (7 X 575.50) = 7689.50
2018–19	07(पूर्ण) + 08(अंश)	(7 X 575.50) + (8 X 633) = 9092.50
2019–20	08(पूर्ण)	8 X 633 = 5064
कुल	22(पूर्ण)	25507 लाख रूपये।

2.6 भूमि की उपलब्धता के आधार पर जिलों का चयन किया जाएगा। स्वीकृत व्यवसायों में मशीन/उपकरण आदि का कय, भू–अर्जन के मुआवजे की राशि का भुगतान एवं भवन निर्माण संबंधी कारवाई विभाग द्वारा प्रत्योजित शक्तियों के अधीन अलग से कारवाई की जाएगी।

भूमि की उपलब्धता के आधार पर चयनित जिलों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना हेतु विभाग अपने स्तर से स्वीकृत्यादेश निर्गत करेगा।

Scanned by CamScanner

3– योजना प्राधिकृत समिति द्वारा राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से अनाच्छादित 22 जिलों में चरणबद्ध तरीके से महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की स्वीकृति की अनुशंसा की गयी तथा 660 पदों के सृजन की एवं राशि का व्यय उस वित्तीय वर्ष में उपलब्ध बजट उपबंध के अन्तर्गत सीमित रखे जाने पर स्वीकृति की अनुशंसा प्रदान की गयी है । कार्यवाही अनुलग्नक–1 में संलग्न है। जिलों की सूची अनुलग्नक–2 में संलग्न है।

4– वित्तीय वर्ष 2016–17 में मुख्य शीर्ष–2230 में नया महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना योजनान्तर्गत रूपये 500 लाख तथा मुख्य शीर्ष–4059 भवन निर्माण मद में कुल रूपये 9000 लाख की राशि प्रस्तावित है। राशि का व्यय स्वीकृत योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के अन्तर्गत सीमित रखा जाएगा।

5– इस योजना के तहत राशि की निकासी संबंधित वित्तीय वर्ष मुख्य शीर्ष– 2230–श्रम और रोजगार, उपमुख्य शीर्ष–03–प्रशिक्षण, समूह शीर्ष–राज्य योजना लघु शीर्ष–101 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मांग संख्या–26, उपशीर्ष–0101–नया महिला औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना, विपत्र कोड–पी0 2230031010101 एवं निर्माण कार्य पर व्यय मुख्य शीर्ष–4059 –लोक निर्माण कार्य पर पुँजीगत् परिव्यय, उपमुख्य शीर्ष– 60 –अन्य भवन, लघु शीर्ष–051–निर्माण, मांग संख्या–3, उपशीर्ष–0112– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के भवनों का निर्माण/पुनर्निर्माण/उन्नयन, विपत्र कोड–पी0 4059600510112 के अन्तर्गत बजट प्रस्तावित है।

6– उपरोक्त के अनुसार सात निश्चय के तहत राज्य के अनाच्छादित 22 जिलों में वर्ष 2016–17 से चरणबद्ध तरीके से नये महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना का प्रस्ताव है।

7– प्रस्ताव एवं संलेख में विभागीय मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है ।

8– उपर्युक्त कंडिका– 6 में निहित प्रस्ताव में मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्रार्थित है

18/2/16
सचिव,
श्रम, संसाधन विभाग।

ज्ञापांक– बी0एस0डी0एम0/बजट–23/2015– 22 पटना, दिनांक– 18/2/2016

प्रतिलिपिः– अनुलग्नक एवं जॉच पत्र की प्रति के साथ संलेख की 45 (पैंतालिस) प्रतियाँ हिन्दी में प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग को सूचनार्थ एवं मंत्रिपरिषद की आगामी बैठक में अनुमोदनार्थ प्रेषित ।

18/2/16
सचिव,
श्रम, संसाधन विभाग।

Scanned by CamScanner